# पर्यटन अध्ययन

## सीटीएस
## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2012)

## टीएस–1 और टीएस–2

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

## सीटीएस सत्रीय कार्य
## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1 और टीएस–2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

**नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

**अरविन्द कुमार दुबे**
**कार्यक्रम संयोजक, सीटीएस**

### सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 15, 2012 | अक्तूबर 15, 2012 |
| टीएस–2 | अप्रैल 15, 2012 | अक्तूबर 15, 2012 |

# टीएस 1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोडः टीएस–1
कुल अंकः 100

कार्यक्रम कोडः सीटीएस
सत्रीय कार्य कोडः टीएस–1/टीएमए/2012–13

---

**नोटः** इस अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

**भाग ।** में दो प्रश्न हैं जिनमें से आपको **एक प्रश्न का उत्तर देना है**। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।

**भाग ।।** में आठ प्रश्न हैं। **किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए**। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। **अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

**भाग – ।**

1. भारत में पर्यटन के लिए क्या खतरे और बाधाएं हैं? 25

**अथवा**

2. पर्यटक स्थल के संबंध में कल्पना (image) और आकर्षण के बीच क्या संबंध है? 25

---

**भाग–।।**

1. एक पर्यटन व्यवसायी के लिए मानचित्र का क्या महत्व है? 15

2. पर्यटन उत्पाद क्या हैं? पर्यटन उत्पाद की विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 15

3. मीडिया क्या है? उदाहरण सहित विभिन्न प्रकार के मीडिया की चर्चा कीजिए। 15

4. पर्यटन के लिए लेखन से आप क्या समझते हैं? विगत/भूतकाल के पर्यटन लेखन और आज के संदर्भ में लेखन के बीच अंतर बताइए। 15

5. संवर्धन क्या है? पर्यटन संवर्धन में प्रचार पुस्तिकाएं (ब्रोसर) किस प्रकार सहायता करती हैं? 15

6. बुनियादी संरचना की परिभाषा दीजिए। बुनियादी संरचना और पर्यटन के बीच के संबंध की चर्चा कीजिए। 15

7. बड़े स्तर पर पर्यटन से प्राकृतिक संसाधन किस प्रकार प्रभावित होते हैं? उदाहरणों की सहायता से विस्तार से वर्णन कीजिए। 15

8. गाइड और ऐस्कॉर्ट के बीच अंतर बताइए। पर्यटन विकास में गाइड की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 15

# टीएस 2 : पर्यटन विकासः उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोडः टीएस–2**
**कुल अंकः 100**

**कार्यक्रमः सीटीएस**
**सत्रीय कार्य कोडः टीएस–1/टीएमए/2012–13**

---

**नोटः** इस अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

**भाग I** में दो प्रश्न हैं जिनमें से आपको **एक प्रश्न का उत्तर देना है**। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में दें।

**भाग II** में आठ प्रश्न हैं। **किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए**। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। **अपने टीएमए को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

---

**भाग – I**

1. भारत सरकार द्वारा स्थापित कुछ आंचलिक सांस्कृतिक केंद्रों का वर्णन कीजिए। गृह सज्जा लोक कला के पारंपरिक विकास में उनके योगदान की चर्चा कीजिए। 25

अथवा

2. यूरोप से आने वाले पर्यटकों की प्रवृत्ति की जॉच कर, यूरोपीय पर्यटन बाजार की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 25

---

**भाग–II**

1. पर्यटन प्रोफाइलिंग (profiling) का क्या महत्व है**?** 15

2. ताज महल के निर्माण की ऐतिहासिकता का वर्णन कीजिए। 15

3. चर्चा कीजिए कि किस प्रकार खजुराहो के उत्सव को द्वितीयक पर्यटक आकर्षण बनाने के लिए आयोजित किया गया**?** 15

4. पर्यटन में साहस (adventure) और खेलों के महत्व की चर्चा कीजिए। 15

5. भारत में वन्य जीवन पर्यटन को बढ़ावा देने में पर्यटन व्यवसायिकों को जिन प्रमुख समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनका वर्णन कीजिए। 15

6. उदाहरणों की सहायता से जातीय (ethnic) पर्यटन का वर्णन कीजिए। 15

7. राजस्थान सरकार द्वारा विकसित हेरिटेज होटल योजना की समालोचनात्मक जांच कीजिए। 15

8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिएः (5+5+5=15)
   - क) पर्यटन का समाजशास्त्र
   - ख) पैलेस ऑन हवील
   - ग) राजमार्ग सेवाएं
   - घ) पाटा (PATA)
   - च) हेरमिट शहर : लद्दाख